भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड सचिवालय

सैक्टर 19-बी, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़-160019

प्रैस विज्ञप्ति **दिनांक 02.04.2020**

विषयः बीबीएमबी नें (कोविड-19) से लड़ने के लिए स्वैच्छिक सेवाओं हेतु कदम उठाए

चण्डीगढ़: भारत में जल और ऊर्जा क्षेत्रों में अग्रणी भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड ने अपने परियोजना केन्द्रों यथा नंगल, तलवाड़ा, सुन्दरनगर तथा चण्डीगढ़ में कोरोना वायरस (कोविड-19) के विरूद्व राष्ट्र की लड़ाई के दौरान जरूरतमंद लोगों को खाने के पैकेट तथा दैनिक जरूरत की अन्य जरूरी वस्तुएं उपलब्ध करवाने हेतु अपनी स्वैच्छिक सेवाएं देने के लिए कदम उठाए हैं।

बीबीएमबी रैडक्रास वैल्यफेयर सोसाइटी, नंगल ने दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिकों व जरूरतमंद लोगों को खाद्यान्न वस्तुओं के 120 पैकेट वितरित किए। इसी तरह सुन्दरनगर (हि.प्र.) में प्रवासी मजदूरों और जरूरतमंद लोगों को पिछले तीन दिनों में 320 पैकेट वितरित किए गए हैं। रोज़ाना पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने का सिलसिला जारी है। चण्डीगढ़ में बीबीएमबी ऑफिसर क्लॅब भी विभिन्न सामुदायिक केन्द्रों में रह रहे प्रवासी मजदूरों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराकर यू.टी. प्रशासन की सहायता कर रहा है। इसी प्रकार की गतिविधियां तलवाड़ा में भी चल रही हैं।

बीबीएमबी के तीन अस्पतालों तथा कुछ खाली आवासों को 221 बिस्तरों के आइसोलेशन वार्ड में बदला गया है। अपने परियोजना केन्द्रों के अस्पतालों और कार्य स्थलों को सैनिटाइज करने के लिए समुचित सावधानियां बरती जा रही हैं। अस्पतालों में सैनिटाइज़र, पीपीई किट्स तथा मॉस्क उपलब्ध करा दिए गए हैं। स्थानीय लोगों को भी मास्क वितरित किए गए हैं। नंगल, तलवाड़ा और सुन्दरनगर के लेडिज़ क्लॅब ने बीबीएमबी अस्पताल स्टॉफ के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए मास्क और गाउन तैयार करने का बीड़ा उठाया है।

श्री डी.के. शर्मा, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने सभी कर्मचारियों को (कोविड-19) के विरूद्व लड़ाई में सहयोग देने तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा है। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने का भी अनुरोध किया है।

सचिव

सेवा में

समाचार सम्पादक